हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

महिला को पानी में डुबा-डुबाकर मारा गर्म चिमटे से शरीर, चेहरे को जलाया



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### 3 थाना प्रभारी बदले, 4 सहायक उपनिरीक्षकों का तबादला

**जशपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने जिले के पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए दो थानों और एक चौकी के प्रभारियों की अदला-बदली की है। साथ ही चार सहायक उप निरीक्षकों का भी तबादला किया गया है। जानकारी के अनुसार, थाना सन्ना के प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश यादव को कोतबा चौकी भेजा गया है। वहीं कोतबा चौकी प्रभारी राकेश कुमार सिंह को थाना आस्ता का नया प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में, थाना आस्ता के प्रभारी संतोष कुमार सिंह को थाना सन्ना का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार सहायक उप निरीक्षकों के भी तबादले किए गए हैं। एएसआई नीता कुर्रे, थाना पत्थलगांव से स्थानांतरित होकर थाना कांसाबेल भेजी गईं। एएसआई खिरोवती बेहरा, थाना कांसाबेल से थाना तपकरा स्थानांतरित। एसआई संत कुमार चौहान, यातायात पत्थलगांव से रक्षित केंद्र जशपुर भेजे गए। एसआई मनोज कुमार सिंह, यातायात जशपुर से यातायात पत्थलगांव स्थानांतरित किए गए हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि यह बदलाव विभागीय कार्य में कुशलता और प्रशासनिक सुचारुता बनाए रखने की दृष्टि से किए गए हैं। स्थानांतरित अधिकारी शीघ्र ही अपने नवीन पदस्थ स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### उधार में 2 हजार रुपए नहीं देने पर युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र निवासी घनश्याम दास आ. चिल्हो दास (28 वर्ष) घर के समीप दुकान में अंडा लेने गया था। इसी दौरान गांव के ही अनिल पैकरा पहुंचा और घनश्याम से 2 हजार रुपए मांगने लगा। जिस पर घनश्याम ने उसकी पत्नी द्वारा मना करने पर पैसा देने से इंकार कर दिया। युवक द्वारा पैसा नहीं देने से नाराज हुए अनिल पैकरा ने गाली-गलौज करते हुए उसकी बेदम पिटाई कर दी। घटना को देख परिजन सहित आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक 22 को

**बलरामपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के गरिमामय आयोजन एवं आवश्यक तैयारी के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सभी जिला अधिकारियों को उक्त बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

### नदी पार करते समय आई बाढ़, बीच में फंसा ग्रामीण

**अंबिकापुर।** शनिवार को मैनपाट में हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदी नाले एक बार फिर से उफान पर आ गए है। इस दौरान घुनघुट्टा नदी पार करते समय एक ग्रामीण बीच नदी में फंस गया। नदी पार करते समय आई बाढ़ में ग्रामीण बुरी तरह से फंस गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ से कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कदनई लोटाभवना निवासी रतुराम मझवार आ. बुधन शनिवार की दोपहर किसी काम से गांव में पड़ने वाली घुनघुट्टा नदी को पार कर नदी के दूसरी ओर गया हुआ था।

घटना से छात्रों- शिक्षकों व पालकों में भय

# सर्पदंश से अलग- अलग स्थानों में 2 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नागलोक के नाम जिले में इन दिनों रेंगती मौत का तांडव देखने मिल



रहा है। कॉमन करैत के डसने से कोतबा में एक शिक्षक व ग्राम बुलडेगा में एक महिला की मौत हो गई। कॉमन करैत सांप को साइलेंट किलर कहा जाता है। इसके डसने पर कोई दर्द नहीं होता न डसने की आवाज-ना काटने का निशान। 2 दिनों में कोतबा चौकी क्षेत्र में 2 अलग घटनाओं में करैत सांप ने दो की जिंदगी छीन ली है हाईस्कूल में हुई घटना से छात्रों व शिक्षकों व पलकों में भय व्याप्त है।

⏭ शेष पेज 4 पर

**केस नंबर 1**

कोतबा नगर के हाईस्कूल शिक्षक कालोनी में रहने वाले शिक्षक पवन उर्फ अनुपम खलखो पिता सिमोन खलखो उम्र 38 अपनी पत्नी संगीता खलखो लिपिक शासकीय कन्या शाला कोतबा के साथ रहता था। सुबह 7 बजे नहाने गया था जहां गेट खोलते ही कॉमन करैत ने काट लिया। जिसे कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां एंटीस्नैकवैनम सहित अन्य दवाओं के साथ प्राथमिक उपचार कर हालात असामान्य प्रतीत होने पर हायर ट्रीटमेंट के लिए पत्थलगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफर किया गया था। जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। जिस संबंध में डॉक्टर अजीत कुमार बन्दे ने बताया कि प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें वेंटिलेटर के साथ उच्च स्तरीय ईलाज की आवश्यकता थी उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी लिहाजा हमने 108 एम्बुलेंस में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफर किया था।

**केस नंबर 2**

ग्राम पंचायत बुलडेगा के डोमपारा में बीते शनिवार की रात 12 बजे घर पर जमीन में सो रही महिला पूनम उम्र 45 पति गोवर्शन को बदन में ठंडा चीज पैर में रेंगने महसूस हुआ। उठकर देखे तो कॉमन करैत दिखा। जिसे तत्काल ग्रामीणों की सहायता से लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इस दौरान रास्ते में झगरपुर के समीप एम्बुलेंस में ही मौत हो गई। जिसे वापस लैलूंगा ला कर शव का पोस्टमार्टम कर पंचनामा बना कर लैलूंगा पुलिस ने परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया जिसे आज बुलडेगा ग्राम ला कर दाह संस्कार किया गया।

**केस नंबर 3**

कोतबा नगर के सबसे पुराने स्कूलों में कोतबा हाई स्कूल आता है जहाँ शिक्षक कालोनी, स्कूल भवन सहित अन्य भवन भी पुराने व जर्जर हो चुके है। यहां रोजाना सैकड़ों छात्र छात्राएं अध्ययन के लिए जाते है। इधर उधर रिसेश सहित खेल कूद के लिए घूमते है। जिन्हें रेंगती मौत का अनुमान भी नहीं है। सावधानी न रखी जाए तो स्कूल परिसर बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है। शिक्षक के साथ हुई घटना से पालकों व शिक्षकों को चिंता में डाल दिया है। हाई स्कूल परिसर में ही पीएमश्री आत्मानंद स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालवाड़ी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बालक प्री व पोस्ट छात्रावास सहित ठीक पीछे कन्या छात्रावास व नवीन कन्या शाला संचालित हो रही है। इस पूरे क्षेत्र में कई शासकीय भवन पुराने जीर्णशीर्ण व जर्जर भवन है जिनका उपयोग आज भी किया जा रहा है।

### जर्जर मकानों व मैदानों में रेंग रही मौत

कोतबा नगर के सबसे पुराने स्कूलों में कोतबा हाई स्कूल आता है जहाँ शिक्षक कालोनी, स्कूल भवन सहित अन्य भवन भी पुराने व जर्जर हो चुके है। यहां रोजाना सैकड़ों छात्र छात्राएं अध्ययन के लिए जाते है। इधर उधर रिसेश सहित खेल कूद के लिए घूमते है। जिन्हें रेंगती मौत का अनुमान भी नहीं है। सावधानी न रखी जाए तो स्कूल परिसर बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है। शिक्षक के साथ हुई घटना से पालकों व शिक्षकों को चिंता में डाल दिया है। हाई स्कूल परिसर में ही पीएमश्री आत्मानंद स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालवाड़ी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बालक प्री व पोस्ट छात्रावास सहित ठीक पीछे कन्या छात्रावास व नवीन कन्या शाला संचालित हो रही है। इस पूरे क्षेत्र में कई शासकीय भवन पुराने जीर्णशीर्ण व जर्जर भवन है जिनका उपयोग आज भी किया जा रहा है।

### बचाव के लिए क्या करना चाहिए

एक्सपर्ट की मानें तो ये सांप बारिश में घरों के अंदर घुस आते हैं. कपड़ों, रजाई, गद्दों और अंधेरे कोनों में भी छिप जाते हैं. इसलिए किसी भी कपड़े या बिस्तर को इस्तेमाल करने से पहले ध्यान से देख लेना चाहिए. बरसात में जमीन पर नहीं सोएं, मच्छरदानी जरूर लगाएं और रात में बिना लाइट के बाहर न निकलें. क्योंकि यह सांप डसने के बाद भाग जाता है और कोई सबूत तक नहीं छोड़ता है. इसलिए कई बार तो परिवार को पता भी नहीं चलता कि मौत का कारण सांप का डंक था

### इमरजेंसी रिस्पांस करते हैं

स्नैक बाइट के केस में हम एमरजेंसी रिस्पॉन्स करते है सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एन्टीस्नैक वैनम उपलब्ध है। कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से अनुपम खलखो को रेफर किया गया था जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव पहुंच ही नही पाया रास्ते मे ही मृत हो गया था।

- जेम्स मिंज
बीएमओ पत्थलगांव

# कोतबा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूजन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नगर पंचायत कोतबा के संत समाज गहिरगुरु आश्रम यज्ञ शाला भवन में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में गुरु पूजन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

- भगवा ध्वज को किया गया गुरु रूप वंदन

कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों, नगरवासियों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

गुरु पूजन पर्व मे परंपरा अनुसार भगवा ध्वज की पूजा कर उसे गुरु रूप में वंदन किया गया। संघ की मान्यता के अनुसार कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि संघ का गुरु भगवा ध्वज होता है, जो त्याग, बलिदान, शील और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ प्रार्थना और ध्वज वंदन से हुआ। इसके पश्चात संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा गुरु तत्व की महत्ता संघ का उद्देश्य तथा कोतबा में संघ की सक्रिय भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिए गए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं जिला कारवाह मुरारी अग्रवाल ने कहा संघ का ध्वज केवल वस्त्र नहीं, यह विचार है, यह अनुशासन, सेवा और राष्ट्रनिर्माण का प्रतीक है। कोतबा में भी संघ के माध्यम से संस्कारित पीढ़ियां तैयार हो रही हैं, जो आने वाले भारत का निर्माण करेंगी। अंत में सभी स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र सेवा एवं धार्मिक सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन संघ गीत, भारत माता की जय और वंदे मातरम की जयघोषों के साथ हुआ। आज के

⏭ शेष पेज 4 पर

# कलेक्टर के निर्देश पर संकल्प में छात्रावास अधीक्षकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण संकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर के सभागार में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधीक्षकों की नेतृत्व क्षमता को विकसित करना, छात्रावासों में शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत बनाना तथा विद्यार्थियों में स्व-अध्ययन को बढ़ावा देना रहा। इस प्रशिक्षण का संचालन डिप्टी कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर के निर्देशन में किया गया। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्रशिक्षण सत्र में छात्रावास अधीक्षकों को प्रशिक्षित किया। जिसमें उन्होंने नेतृत्व कौशल, भावनात्मक समझ, व्यवहार प्रबंधन, और छात्रों के साथ संवाद पर भी मार्गदर्शन दिया। इस सत्र में व्याख्याता संजय दास ने भी सह-प्रशिक्षक के

⏭ शेष पेज 4 पर

### तहसील कार्यालय का कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन

**रनहत।** प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने ग्राम डौरा कोचली में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस भवन का निर्माण 71 लाख 12 हजार रुपए की लागत से किया गया है। उद्घाटन उपरान्त मंत्री श्री नेताम ने नए तहसील भवन का अवलोकन किया व तहसील कार्यालय परिसर में विधायक मद से शेड बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने 26 करोड़ की अधिक की राशि के 61 विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 12 करोड़ 72 लाख से अधिक की राशि के 59 कार्यों का भूमिपूजन जिसमे सीसी रोड निर्माण, पुलिया निर्माण एवं 13 करोड़ 74 लाख के 2 कार्यों का लोकार्पण जिसमे उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में विभिन्न विकास कार्य हो रहे है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा शिक्षकों का एक दिवसीय धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों व कर्मियों ने रविवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। यह धरना आत्मानंद संविदा शिक्षक व कर्मचारी संघ के आह्वान पर आयोजित किया गया। जिसमें जिले भर के शिक्षकों ने भाग लिया।

- 1 अगस्त से रायपुर में आंदोलन की चेतावनी

धरना उपरांत संघ प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 31 जुलाई तक मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आगामी 1 से 15 अगस्त तक रायपुर में धरना दिया जाएगा। शिक्षक संघ की दो प्रमुख मांगे जिनमें नियमित वेतनवृद्धि और वेतनमान निर्धारण संघ का कहना है कि शिक्षक 4 से 5 वर्षों से पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो उचित वेतन मिल रहा है और न ही कोई तय वेतनवृद्धि की व्यवस्था है।

⏭ शेष पेज 4 पर

### ग्राम संजयनगर की कथित पुनर्वास भूमि विवाद मामले में सरगुजा आयुक्त ने अपील की खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

वर्षों पुराने एक विवादित पुनर्वास भूमि प्रकरण में सरगुजा संभाग के आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने दिलीप दास राजस्व प्रकरण में निर्णय देते हुए सूरजपुर कलेक्टर के निर्णय को उचित ठहराते हुए अपील को खारिज कर दिया है। इसी भूमि के मामले में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराए जाने पर जयनगर थाना में लटोरी तहसीलदार द्वारा एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

गौरतलब है कि ग्राम महावीरपुर वर्तमान संजयनगर पंचायत की भूमि खसरा नंबर 417,418 और 420 कुल रकबा 7 एकड़ भूमि दिलीप दास के कथित रूप से उनके दादा कन्हाईलाल दास को पुनर्वास योजना के तहत आबंटित की गई थी। वर्ष 2024 में दिलीप दास ने यह दावा करते हुए राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया कि यह भूमि उनके परिवार की है और वर्तमान में गलत तरीके से शासकीय मद में दर्ज है। इस मामले में पूर्व में गत 24 सितंबर 2024 को सूरजपुर एसडीएम ने दिलीप दास के पक्ष में आदेश पारित कर दिया और भूमि उनके नाम दर्ज करने का निर्देश दिया,लेकिन 31 दिसंबर 2024 को कलेक्टर सूरजपुर ने इस आदेश को निरस्त कर विवादित भूमि को पुनः शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश जारी किया। इस आदेश को चुनौती देते हुए प्रार्थी दिलीप दास ने न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग में अपील दायर की थी जिस पर आयुक्त ने अपील को खारिज करते हुए सूरजपुर कलेक्टर के आदेश को स्थिर रखने का निर्देश दिया है।

# फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर बगिया में पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ 22 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना का महीना माना जाता है। यह माह बगिया के लिए विशेष आध्यात्मिक सौगात लेकर आया है। फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर जो कि मैनी नदी के तट पर स्थित है। वहां 22 से 24 जुलाई तक एक भव्य 100108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है।

इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह ग्राम बगिया को आध्यात्मिक ऊर्जा से भी भर देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पहला दिन – 22 जुलाई, दिन मंगलवार 100108 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण आरंभ होगा साथ शिवलिंगों में प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। एवं भक्तों द्वारा पूजन, मंत्रोच्चार, आरती और विसर्जन संपन्न होगा। वहीं दूसरा दिन 23 जुलाई,दिन बुधवार को पुनः पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण, प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विधिवत पूजन, सायंकाल में विशेष शिव महाआरती व विसर्जन होगा, वहीं तीसरे दिन 24 जुलाई दिन गुरुवार को अंतिम चरण का शिवलिंग निर्माण प्राण-प्रतिष्ठा और शिव पूजन महायज्ञ, हवन एवं पूर्णाहुति भव्य आरती एवं विशाल भंडारा प्रसादी वितरण किया जायेगा।इस अवसर पर सभी श्रद्धालुजनों से सपरिवार उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है। मंदिर परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्र को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, तथा भजन-कीर्तन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस आयोजन के पीछे प्रेरणा बनीं हैं कौशल्या विष्णुदेव साय, जो ग्राम व धार्मिक आयोजनों में सदैव अग्रणी रही हैं। श्रावण मास शिवभक्ति का सर्वोत्तम समय है। पार्थिव शिवलिंग निर्माण का यह महायज्ञ जीवन को आध्यात्मिक दिशा देने वाला है। हम सभी शिव भक्तों को इस अद्भुत अवसर पर आमंत्रित करते हैं।

# श्रावण मास पर समिति की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह, जय गुप्ता और पं.चंद्रभूषण मिश्र मृगांक के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की।

गोष्ठी रामचरितमानस एवं सरगुजिहा रामायण के संक्षिप्त पाठ से प्रारम्भ हुई। सरस्वती वंदना आशा पाण्डेय ने प्रस्तुत की। विचारक ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय कालकूट नामक भयानक विष की ज्वाला से जलते हुए देव-दानव की रक्षा के लिए उस विष को पी लिया। जगत को दुख देने वाले त्रिपुरासुर राक्षस को भी उन्होंने एक ही बाण से मार डाला। जन्म-मरणरूपी संसार के भय को दूर करने वाले, विपत्तयों का शमन करने वाले भगवान शंकर संपूर्ण लोकों के स्वामी है। वे काल के भी काल, अजर-अमर स्वयंभू देवता है। उन्होंने चंद्रमा को अपने ललाट पर धारण कर रखा है जिससे उन्हें शांति और शीतलता प्राप्त होती है। इसी प्रकार हमें भी जीवन में हर परिस्थिति में शांति बनाये रखना चाहिए तथा मन को काबू में रखना चाहिए। वरिष्ठ व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय ने श्रावण मास के महत्व के बारे में बताया। गोष्ठी में मुकुंदलाल साहू ने शिव की पूजा हो रही है, शिवमय है संसार, आशा पाण्डेय ने बारिश होती है जहां मिले खेत में नीर, रूबी सिद्धीकी ने क्यों न सुखों की हरियाली इस संसार में लाई जाए, जय गुप्ता ने रिमझिम बूंदों की बारिश अबके सावन में आई है।

## पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार, चार मवेशी मुक्त

# तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई: 56 किलो गौमांस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

जिले के तपकरा थाना व मनोरा चौकी पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 56 किलो गौमांस जब्त किया है। साथ ही चार मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। पुलिस ने गाय के मांस के साथ तस्कर अनमोल खाखा, पोकपानी, प्रकाश खाखा, प्रकाश खाखा, अनुज कुजूर को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार थाना तपकरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोकपानी स्कूलटोली में गौवध की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर चार आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। सूचना के अनुसार आरोपी अनमोल खाखा अपने अन्य साथियों के साथ गौवध कर मांस बना रहा था। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कुछ लोग हाथ-पैर धोते हुए मिले, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर चार आरोपी अनमोल खाखा (27), पोकपानी, प्रकाश खाखा (40), खरवाटोली, प्रकाश खाखा (45), सिहारटोली, अनुज कुजूर (33), सेमरताल को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में कटा हुआ मांस व औजार जब्त किया है। पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण में गौमांस पाया गया। आरोपियों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना तपकरा के निरीक्षक संदीप कौशिक, एएसआई प्रेमिका कुजूर, प्रधान आरक्षक अजय लकड़ा, आरक्षक धीरेंद्र मधुकर, शोभनाथ सिंह, शिव शंकर राम, महिला आरक्षक मंजू यादव व नगर सैनिक जीवन मुंडू की विशेष भूमिका रही।

### गौवध के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौमांस तस्करी और गौवध के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। तपकरा व मनोरा क्षेत्र में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और चार गौवंशों को बचाया गया है। फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

### गौ तस्करी का भंडाफोड़ एक गिरफ्तार, एक फरार

चौकी मनोरा क्षेत्र में भी गौतस्करी की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार गौवंशों को मुक्त कर एक आरोपी देवघर राम नायक (25), निवासी बटाईकेला को गिरफ्तार किया जबकि उसका साथी शंकर यादव फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति ग्राम केसरा के बड़का पहाड़ मार्ग से चार गौवंशों को हांकते हुए झारखंड ले जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को धर दबोचा जबकि उसका साथी शंकर यादव जंगल की आड़ लेकर फरार हो गया। पूछताछ में देवघर राम नायक ने बताया कि वह और उसका साथी शंकर यादव डढ़गांव निवासी अख्तर मियां उर्फ गुड़गुड़ु के कहने पर ये गौवंश गोविंदपुर, झारखंड ले जा रहे थे। पुलिस ने फरार तस्कर और गौवंश मालिक की पहचान कर ली है और उनकी तलाश जारी है।

# राशन दुकानों में मनमानी: चना-शक्कर गायब, दो माह का ही बंट रहा राशन

**जशपुरनगर।** गरीबों को राहत देने शासन ने आदेश तो जारी कर दिया कि एक साथ तीन माह का राशन वितरित किया जाए, पर गांवों तक राहत आधी-अधूरी पहुंची। जशपुर जनपद की पोरतेंगा, बम्हनपुरा, झोलंगा, लोखंडी, जकबा, घोलेंगे जैसी पंचायतों में न तो चना मिला, न शक्कर और न ही पूरा राशन।

जहां सरकार की मंशा थी कि परिवारों को खाद्यान्न की कमी ना झेलनी पड़े, वहीं स्थानीय राशन वितरण में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों को सिर्फ दो माह का राशन दिया गया, जबकि शासन ने तीन माह का आदेश दिया था। और जो राशन मिला, उसमें भी 5 से 10 किलो तक की कटौती की गई।ग्रामीणों का कहना है कि चना और शक्कर पिछले कई महीनों से मिल ही नहीं रही। ग्राम पंचायत पोरतेंगा की एक महिला बताती हैं कि सेल्समेन बोलता है कि चना-शक्कर आया ही नहीं है, और हम जैसे गरीब लोग पूछें भी नहीं। ग्राम झोलंगा के एक शिक्षक ने बताया, "राज्य की योजना में चना और शक्कर शामिल हैं, पर यहां महीनों से इनकी आपूर्ति नहीं हो रही। प्रशासन को इसका जवाब देना चाहिए। कई ग्रामीण परिवारों को मई माह का राशन आज तक नहीं मिला। दुकानदार यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि राशन खत्म हो गया या आपूर्ति ही नहीं हुई। लोखंडी गांव की एक वृद्धा बताती हैं, हम तीन बार गए, पर हर बार बोला गया कि मई का राशन बाद में मिलेगा। अब जुलाई आ गया, मई की आस भी टूट गई है। बम्हनपुरा के एक ग्रामीणों का आरोप है कि राशन मांगने पर सेल्समेन अभद्रता से पेश आता है।

### जांच कराई जाएगी

ग्रामीणों को एक तीन माह का चावल दिया जाना है यदि तीन माह का चावल नहीं मिला है तो इसकी जांच कराई जाएगी। चना और शक्कर एक-एक माह का ही आया है जिसे प्रतिमाह वितरण किया जाए रहा है।

-आशीष कुमार चर्तुवेदी,
जिला खाद्य अधिकारी जशपुर

## खबर संक्षेप

### सचिव पर राशि गबन का आरोप संभागायुक्त व कलेक्टर से शिकायत

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत धूमाडांड़ में 15वें वित्त आयोग योजना के तहत ग्राम पंचायत सचिव द्वारा वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक शासन की विभिन्न योजनाओं के नाम पर बिना कार्य किए लाखों रुपये का गबन करने की शिकायत गांव के ही एक ग्रामीण ने संभागायुक्त एवं कलेक्टर से की है। साथ ही मामले में की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संभागायुक्त एवं कलेक्टर से की गई शिकायत में चंद्रिका ने बताया है कि पंचायत में नाली, सीसी रोड, सामुदायिक भवन, पेयजल सुविधा आदि के नाम पर भुगतान तो कर दिए गए, लेकिन स्थल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। हैरानी की बात यह है कि पंचायत खाते से सीधे सचिव के निजी खातों और कुछ संदिग्ध खातों में फंड ट्रांसफर किए गए हैं। शिकायतकर्ता चंद्रिका ने आरोप लगाया है कि सचिव द्वारा ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित नहीं कराए गए, बल्कि फर्जी प्रस्ताव तैयार कर पंचों की सहमति दिखाने के लिए फर्जी हस्ताक्षर, यहां तक कि मृत व्यक्तियों के नामों का भी उपयोग किया गया है। शिकायतकर्ता चंद्रिका द्वारा संभागायुक्त एवं कलेक्टर से शिकायत कर मामले की जांच कराने तथा दोषी सचिव के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग है।

### सोलर ड्यूल पंप 4 महीने से खराब पानी के लिए भटक रहे स्कूलों के बच्चे



**बिहारपुर।** दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महूली के स्कूल पारा में क्रेडा एवं पीएचई विभाग द्वारा 8 साल पूर्व सोलर ड्यूल पंप लगाया गया था। जो पिछले 4 महीनों से खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने कई बार क्रेडा एवं पीएचई के अधिकारियों से इसकी शिकायत कर पंप सुधरवाने की मांग की लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है। सोलर पंप अप्रैल महीने से खराब पड़ा है। इसी पंप से ग्राम पंचायत कार्यालय, पटवारी आवास, उपस्वास्थ्य केंद्र, पीएमश्री स्कूल, माध्यमिक शाला आंगनबाड़ी केंद्र के लोग पानी पीते है। ग्रामीणों ने बताया कि दो महीने पूर्व ही क्रेडा के ब्लॉक अधिकारी ने पंप को बनवाने के नाम पर निकाल ले गए है लेकिन अभी तक पंप नहीं बन सका जिससे छात्र-छात्राओं, मरीजों सहित अन्य लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में क्रेडा के जिला अधिकारी रंजीत यादव ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए हमारे पास कोई फंड नहीं है। पंप के देखरेख की जिम्मेदारी 5 सालों तक थी। इसके बाद पंचायत एवं पीएचई विभाग देखरेख करता है।

### प्राथमिक वनोजप सहकारी समिति में चरण पादुका वितरण



**बिहारपुर।** वन मण्डलाधिकारी एवं जिला यूनियन के प्रबंध संचालक के निर्देशन में वनोपज सहकारी समिति महुली में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार की महिला सदस्यों को चरण पादुका प्रदान किया गया। समिति के अध्यक्ष बबन सिंह, सरपंच रनसाय सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष मदनलाल जायसवाल ने संग्राहक महिलाओं को चरण पादुका प्रदान किया। इस दौरान रामस्वबर बैस, अनंद सिंह, विजेंद्र साहू, चैनमति भरतलाल जायसवाल, प्रबंधक रीता जायसवाल, फड़मुंशी तेंदुपत्ता संग्राहक वन कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### रजत जयंती वर्ष के आयोजन के संबंध में विभागीय तैयारियों हेतु कलेक्टर ने ली बैठक

**सूरजपुर।** वर्ष 2025 -26 छत्तीसगढ़ राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर है, यह वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के आयोजन के संबंध में विभागीय तैयारियों हेतु आज एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। सभी विभागों द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। बैठक में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, टाईमलाइन एवं कार्यक्रमों में प्रतिभागी, हितग्राहियों की अनुमानित संख्या समेत विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग रजत जयंती वर्ष के आयोजनों को स्थानीय त्यौहार एवं विशेष अवसरों से जोड़ते हुए विभागीय कार्ययोजना बनाएं। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बंधे पांच गोवंशों को रौंदा, सभी की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम गोंदा दुरती पारा में अनियंत्रित ट्रक ने मुख्य मार्ग पर बंधे पांच गो वंशों को रौंद दिया। दुर्घटना में सभी गो वंशों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाकारी ट्रक को जब्त कर लिया है। रोज की तरह गुरूवार को ग्राम गोंदा दुरतीपारा निवासी सत्यनारायण साव ने अपने पांच गोवंशों को अम्बिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग के किनारे बांधा था। इस दौरान चालक तेज रफ्तार से बनारस की ओर जा रहा था। ग्राम दुरती स्थित शासकीय मिडिल स्कूल के पास पहुंचते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया तथा ट्रक तेज रफ्तार से सड़क किनारे बंधे गोवंशों को रौंदते हुए आगे मिली मिट्टी में फंस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ गोवंश दूर जा गिरे जबकि कुछ ट्रक के नीचे फंस गए। दुर्घटना में गंभीर सभी मवेशियों की मौत होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रतापपुर पुलिस पहुंची तो ग्रामीणों ने चालक को सौंप दिया।

## पति, सास, ससुर ने क्रूरता को दिया अंजाम

# महिला को पानी में डुबा-डुबाकर मारा गर्म चिमटे से शरीर, चेहरे को जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- त्रिकुंडा का मामला

महिला के साथ क्रूरता की सारी हदें पार करने का मामला सामने आया है। हैवान बने पति, सास ससुर ने मिलकर महिला को पानी में डूबा डुबाकर मारा और उससे भी उनका दिल नहीं भरा तो उसके हाथ पैर को रस्सी से बांधकर गर्म चिमटे से उसके चेहरे, पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों को जला दिया। वहीं आरोपियों ने महिला को 9 दिनों तक कमरे में बंद करके रखा गया। जब महिला को होश आया तो उसने अपनी बेटी की मदद से खुद को आजाद कराया और परिजन को इस मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच उपरान्त महिला से क्रूरता करने वाले पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थान अतंर्गत ग्राम शारदापुर निवासी रितु तिवारी पति आकाश तिवारी ने 18 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति सास व ससुर द्वारा हाथ पैर बांधकर मारपीट की गई और गर्म चिमटे से जलाया गया। पुलिस के अनुसार 27 वर्षीया रितु तिवारी का विवाह वर्ष 2016 में शारदापुर निवासी आकाश तिवारी से समाजिक रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद उनकी दो संतान है लेकिन शादी के बाद पति आकाश तिवारी, ससुर हरिशंकर तिवारी व सास तारबती द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ति किया जाता था। ऐसे में महिला ने पूर्व में रघुनाथनगर थाने में मामले की शिकायत की थी लेकिन शिकायत के बाद आरोपियों ने कार्रवाई से बचने के लिए महिला को बहला फुसलाकर समझौता कर दिया और उसे आश्वासन दिया कि अब वे उसे परेशान नहीं करेंगे। आरोपियों की बात में आकर महिला अपने ससुराल वापस चली गई। इसी दौरान महिला को यह जानकारी मिली कि उसके पति आकाश तिवारी ने अंबिकापुर में एक अन्य महिला श्रद्धा मिश्र को पत्नी बनाकर रखा है और और उनकी डेढ़ साल की बच्ची भी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### पुलिस ने किया गिरफ्तार

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी बाजीलाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की गई। चिकित्सकीय परीक्षण में महिला को गंभीर चोट आने की पुष्टि हुई है। ऐसे में पुलिस ने शारदापुर निवासी 30 वर्षीय आकाश तिवारी आ. हरिशंकर तिवारी, 75 वर्षीय हरिशंकर तिवारी आ. वंसुधारी तिवारी व 65 वर्षीया तारावती पति हरिशंकर तिवारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को जब आरोपी आकाश तिवारी घर पहुंचा तो पत्नी मोबाइल पर बात कर रही थी। ऐसे में चरित्र शंका पर उसने महिला के साथ मारपीट की। आरोपियों ने महिला को बांधकर मारने, गर्म चिमटे से जलाने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1), 127(3), 287, 85,82(1), 3(5), 118(2) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त गैस चूल्हा, गैस सिलेंडर, लोहे का चिमटा, रस्सी, गमछा जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेंद्र, उनि जवाहर तिर्की, सउनि गोपाल राम, प्रधान आरक्षक विजय टोप्पो, आरक्षक लखेश्वर बघेल, विनोद आयाम, बबलू बेक, नरेन्द्र कश्यप, महिला आरक्षक समुद्री यादव सक्रिय रहे।

#### 9 दिनों तक दी यातना

महिला का आरोप है कि 3 जुलाई की रात 11 बजे दूसरी महिला को लेकर विवाद व पूर्व में की गई शिकायत को लेकर जान से मारने की धमकी देकर सास, ससुर और पति ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। तीनों ने मिलकर महिला को पानी में डुबा डुबा कर लात मुक्के से मारा। वहीं पति ने उसकी डंडे से बेदम पिटाई की। वहीं आरोपियों ने महिला के हाथ पैर को गमछे और रासी से बांध दिया और फिर गैस चूल्हे में चिमट गर्म कर महिला के चेहरे, पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों को जला दिया। इस दौरान 3 से 12 जुलाई तक आरोपियों ने महिला को कमरे में बंद रखा। 12 जुलाई को महिला को होश आया तो तो उसने अपनी बेटी से मदद मांगकर रस्सी खोलकर आजाद हुई और परिजन को मामले की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद महिला के पिता अलोपी पाण्डेय, मां लीलावती व भाई अभिषेक मौके पर पहुंचे जिसके बाद वे उसे अपने घर रघुनाथनगर ले गए। महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

### विधायक के प्रयासों से डामरीकरण सड़क निर्माण के लिए मिले तेरह करोड़ रुपए की सौगात

**अम्बिकापुर।** विकासखंड प्रेमनगर के ग्राम पंचायत जयपुर से पर्वतीपुर तक 3.50 किलोमीटर एवं ग्राम पंचायत टाकर से डूमर भावना होते हुए उमेश्वरपुर चौक तक 10.34 किलोमीटर के लिए तेरह करोड़ अडतालीस लाख पच्चीस हजार रुपए की डामरीकरण सड़क निर्माण का क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयासों से प्रशासकीय स्वीकृति मिला है। आपको बतादें की जयपुर से पार्वतीपुर तक जो सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है यह एक बारहमासी सड़क के रूप में उपयोगी है। सड़क के जर्जर हो जाने से बरसात के दिनों में आवागमन करने में राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयास से अब राहगीरों को राहत मिलेगी। ग्राम पंचायत टाकर से डूमर भावना होते हुए उमेश्वरपुर चौक तक की सड़क बहुत ही उपयोगी सड़क है और लोगों को आवागमन में काफी समस्या होती थी। सड़क निर्माण हो जाने से लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा है कि क्षेत्र की जनता का सेवा करना हमारी जिम्मेदारी है।



### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बगडोली कठपारा निवासी विफल राम आ. लोसी राम (37 वर्ष) 15 जुलाई को पति के कहने पर पत्नी मुर्गो बाई मायके तेलाईकछार पुटूकेला रोपा लगाने चली। इसी बीच गत दिन विफल राम ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एसईसीएल गायत्री खदान में डीजल चोरों का आतंक

- एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक ट्रकों से बड़ी मात्रा में डीजल क़ी हुई चोरी

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के गायत्री खदान में डीजल चोरों का आतंक दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है,खदान परिसर में खड़े ट्रकों से लगातार हो रही डीजल चोरी की घटना से एक तरफ जहां ट्रक मालिकों भारी नुकसान पहुंच रहा है तो वहीं दूसरी तरफ खदान के सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है, प्राप्त जानकारी अनुसार रोजाना की तरह शुक्रवार क़ी बीती रात गायत्री खदान की गेट के भीतर खदान परिसर में खड़े लगभग 8 से ज्यादा ट्रकों के डीजल टैंक का ताला तोड़कर कई हजार लीटर डीजल चोरों ने पार कर दिया है, ट्रक चालकों के मुताबिक रात में वे सभी अपने अपने वाहनों के केबिन में सो रहे थे,सुबह जब उठकर देखा तो पता चला कि टैंक का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने डीजल क़ी चोरी कर ली है, बताया गया कि पिछले कई दिनों से इस तरह की घटनाएं खदान परिसर में हो रही है, लेकिन अभी तक खदान की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई है,ऐसे में कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे निजी ट्रकों से बड़ी मात्रा में डीजल चोरी की घटना होने की वजह से वाहन मालिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।



#### पार्किंग के नाम से कट रही सौ रुपये की पर्ची, नहीं मिल पा रही सुरक्षा

बताया गया कि खदान के मुख्य द्वार के पास पार्किंग के नाम पर कुछ लोगों के द्वारा 100 रुपये प्रति ट्रक के हिसाब से पार्किंग शुल्क लेकर पर्ची काटी जा रही है लेकिन ट्रकों को किसी भी प्रकार की सुरक्षा नहीं मिल पा रही,प्राप्त जानकारी अनुसार पार्किंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली भूमि वन विकास निगम की है और धीरे-धीरे उक्त जमीन के बड़े भूखंड को पार्किंग स्थल बनाने के लिए मैदान का रूप दिया गया है।

## सतपता पंचायत में एक ही समुदाय के दो गुट आपस में भिड़े,काउंटर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्य के एस्टीमेट बनाने को लेकर हुआ विवाद
- बिश्रामपुर थाना समेत जयनगर थाना से भी बुलाया गया अतिरिक्त पुलिस बल

सूरजपुर जनपद के सतपता ग्राम पंचायत में अपने वर्चस्व जमाने को लेकर एक ही समुदाय के दो गुट आमने सामने हो गये, तीखी नोख झोंक के बाद हुए गाली गलौज के बाद मामला आपसी मारपीट तक जा पहुंचा और दोनों पक्षों में जमकर लात घूँसे व लाठी डंडे चले,इसके कुछ देर बाद पुनः मुस्लिम मोहल्ला में दोनों गुट के सदस्य लाठी डंडा, टांगी, ट्रैक्टर लेकर मारपीट पर उतारू होकर आमने सामने हो गये,इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों क़ी सजगता से बीच बचाव होने के बाद बड़ा झगड़ा टल गया,विवाद के बाद दोनों पक्ष ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों क़ी रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है।इस दौरान पंचायत भवन और बिश्रामपुर थाना में एक घंटे तक गहमा गहमी की स्थिति बनी रही।थाना में बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने जयनगर थाना से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया, प्रशासन ने फिलहाल मामले पर नजर बनाई हुई है,पुलिस में दर्ज शिकायत में सतपता ग्राम पंचायत के उपसरपंच पति विनय यादव गुड्डू पिता चंदर यादव ने उल्लेख किया है कि दिनांक 18 जुलाई को दोपहर ढाई बजे के करीब पंचायत प्रतिनिधियों की सतपता पंचायत में बैठक बुलाई गई थी जिसमें वे उपसरपंच पति की हैसियत से बैठक में शामिल होने गया था, लेकिन बैठक स्थगित हो जाने के बाद जब पंचायत भवन स्थित दूसरे कक्ष में प्रार्थी विनय गया तो अन्य जनप्रतिनिधि आपस में बात कर रहे थे।इसी दौरान पूर्व उपसरपंच सतपता निवासी दुर्गा यादव और उसका लड़का अंशु यादव पंचायत में घुसकर प्रार्थी को देखकर अचानक गाली गलौज करने लगे,विरोध करने पर दोनों पिता पुत्र ने प्रार्थी विनय को हाथ मुक्के से मारपीट कर दी जिससे उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है,वहीं विरोधी पक्ष से पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव ने भी विनय यादव,चंदर यादव, दीनू यादव के खिलाफ पंचायत में बैठक के दौरान मारपीट किए जाने का काउंटर अपराध दर्ज कराया है।प्राप्त जानकारी अनुसार पूरा मामला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत नाली निर्माण और उसके पैसे के आहरण के लिए एस्टीमेट बनाने दौरान आपस में विवाद होना बताया जा रहा है।पंचायत भवन में हुए विवाद के दौरान दोनों पक्षों के आपस में विवाद के दौरान जमकर हुई गाली गलौज और हाथापाई हुई, ऐसे में वहां पर उपस्थित महिला सदस्य कुछ समय के लिए असहज हो गये, पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है।

#### एक माह पूर्व ही आरोपी के छोटे पुत्र के विरुद्ध दर्ज हुआ है अपराध

सतपता निवासी पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव के छोटे पुत्र आदर्श यादव ऊर्फ बाबू व अन्य के विरुद्ध बिश्रामपुर थाना में हाल ही में एक माह पूर्व मारपीट क़ी विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है जिसमें न्यायालय में चालान भी प्रस्तुत कर दिया गया है, अब लगभग एक माह बीतने पश्चात इसके पिता सतपता गांव के पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव व बड़े भाई अंशु यादव के विरुद्ध भी बिश्रामपुर थाना में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है,पुलिस मामले क़ी जांच कर रही है।

### पेड़ों की अवैध कटाई की खबर चलाने से नाराज ठेकेदार ने पत्रकार को दी गोली मार देने की धमकी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के कोयला खान क्षेत्र में कम्पनी प्रबन्धन की कथित सांठगांठ से यूकेलिप्टस पेड़ो की अवैध कटाई कर बड़े पैमाने पर हो रही लकड़ी तस्करी को लेकर खबर चलाये जाने पर पत्रकार के साथ अभद्रता कर गोली मार देने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है।दरअसल पेड़ों की अवैध कटाई व तस्करी होने को लेकर स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक चैनल के पत्रकार बिश्रामपुर निवासी सुशील सिंह चुन्ना ने कुछ दिनों पूर्व अपने चैनल में खबर चलाई थी, इस बात से नाराज होकर शिवनन्दनपुर के शांतिनगर निवासी ठेकेदार श्रवण गिरी द्वारा उक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार का रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुए गोली मार देने की धमकी दी है,जिस पर रिपोर्ट पश्चात बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित ठेकेदार के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थी पत्रकार सुशील सिंह चुन्ना ने बिश्रामपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बुधवार को पत्रकारिता के कार्य से मेन मार्केट की तरफ जा रहा था,इस दौरान शांतिनगर शिवनन्दनपुर निवासी ठेकेदार श्रवण गिरी ने गौरीशंकर मंदिर के समीप रास्ता रोककर यूकेलिप्टस पेड़ो की अवैध कटाई व तस्करी होने को लेकर टीवी चैनल में खबर चलाने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की एवं गाली गलौज कर अभद्रता करते हुए गोली मार देने की धमकी दी,साथ ही आदिवासी से झूठा केस में फंसा देने की धमकी भी दी।प्रार्थी सुशील सिंह की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित ठेकेदार श्रवण गिरी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296 (बी), 351 (2), 126 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जाँच में लिया है।

## जर्जर सड़क से नाराज लोगों ने सिलफिली में किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एनएच 43 में हुए बड़े गड्ढों पर आवागमन हुआ मुश्किल, शीघ्र मरम्मत क़ी हुई मांग,आश्वासन पर आंदोलन हुआ समाप्त

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर जयनगर से संभाग मुख्यालय अंबिकापुर की सरहद अजबनगर तक सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है।सड़क की बदहाली को लेकर पिछले दिनों जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मरम्मत कार्य की मांग की गई थी। बावजूद इसके कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर शनिवार को तय कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने स्थानीय लोगों के साथ ग्राम सिलफिली स्थित बैंक के सामने एनएच 43 पर चक्काजाम कर दिया।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 की बदहाली से राहगीरों व आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एनएच सड़क इस कदर बदहाल हो गई है कि यहां पर जयनगर से अजबनगर तक सड़क पर जगह जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क के गड्ढों की वजह से रोजाना छोटी बड़ी दुर्घटनाए हो रही हैं। ऐसी स्थिति में सड़क की बदहाली पर मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग को लेकर पिछले दिनों जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था,जिस पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से नाराज कांग्रेसियों ने स्थानीय लोगो के साथ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को करीब आधे घंटे तक एनएच 43 पर सिलफिली ग्रामीण बैंक के सामने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। चक्काजाम में पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, राजू सिंह भी ग्रामीणों के साथ मौजूद थे। चक्काजाम के बाद केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री के नाम एनएच विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में सड़क की बदहाली पर तत्काल मरम्मत कार्य या नए सड़क निर्माण की स्वीकृति दिए जाने की मांग की गई, गौरतलब है कि सिलफिली अंचल जो सूरजपुर जिले का कृषि ह्दय क्षेत्र माना जाता है, यहां की सैकड़ों एकड़ भूमि पर सब्जी, धान, फल और मक्का की उन्नत खेती होती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच 43 को केंद्र सरकार ने रणनीतिक और व्यावसायिक दृष्टि से बेहद अहम माना है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अजबनगर से जयनगर तक अब तो हालात इतने बिगड़ गए हैं कि भारी वाहन सड़क पर फंस जाते हैं, एन एच चक्काजाम होने की वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इस दौरान सत्यनारायण सिंह, अरविंद सिंह, रूपदेव कुशवाहा, विष्णु विश्वास, सुशील शाहा, अजय विश्वास, सुकुमार मंडल, नीरज सिंह, संतोष सिंह बंटी, भावना नेताम, शाहरुख, दिलीप शाहा, विक्की समद्दार, पीयूष कुशवाहा, रतन माली, सुजीत वैद्य, नितेश राय, राजू बाला, प्रकाश बढ़ई, कपिल बाईन, संजय मंडल, तपन माली व अन्य उपस्थित थे। प्रशासन की ओर से लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा,एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का, यातायात प्रभारी बृजेश पांडेय, एनएच विभाग से रितेश सिंह व अन्य उपस्थित थे।


#### जर्जर सड़क पर धान रोपा लगाकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**रामानुजगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर हालत को लेकर दिन प्रतिदिन लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आज किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में जर्जर सड़क के प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप बीच सड़क पर धान रोपा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं जल्द सड़क मरम्मत कराने की मांग की गई। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है जिससे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी सड़क के गड्ढों को भरने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन बड़े गड्ढों को कुछ घंटे में भरवा देना चाहिए वह महीना बाद भी नहीं भर पा रहे हैं जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है और जाम लग रहा है इसके बाद भी राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। सड़क पर अनगिनत गड्ढे हो गए हैं। आज हम लोगों के द्वारा प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप राष्ट्रीय राज्य मार्ग में धान का रोपा लगाया। इस दौरान सुनील कन्हरे, कार्तिक माझी, ज्वाला गुप्ता, संजय रवानी, नरेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## कस्तूरबा गांधी मोहल्ले सहित एनएच के राहगीर बंदर से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला



- आधा दर्जन से अधिक लोगों को काट किया जख्मी
- देर रात वन अमले ने पकड़ छोड़ा जंगल में

एनएच 130 रजपुरी कला सहित कस्तूरबा गांधी मोहल्ले के लोग एक बंदर के आतंक से काफी परेशान थे। गत दिन बंदर ने मोहल्ले सहित एनएच किनारे दुकानों में न सिर्फ जमकर उत्पात मचाया बल्कि आधा दर्जन से अधिक लोगों को काट जख्मी कर दिया। इधर घटना की सूचना पर वन अमला की टीम शाम से ही बंदर को पकड़ने का प्रयास किया और देर रात उन्हें सफलता लगी जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

कस्तूरबा गांधी मोहल्ले में बीते कुछ दिनों से एक बंदर ने आतंक मचा मचाने के साथ लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया था। मोहल्ले वासियों के मुताबिक बंदर को किसी ने छोड़ कर चल दिया जिसके बाद से वह मोहल्ले सहित सड़क किनारे दुकान में जाकर उत्पात मचाने लगा। इस बीच बंदर ने करीब 6 से 7 लोगों को काट जख्मी कर दिया जिससे लोग भयभीत हो गए और मोहल्ले में डर का माहौल बन गया। बंदर ने न सिर्फ राह चलते लोगों को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि मोहल्ले में मौजूद जनरल स्टोर के मालिक समेत अन्य दुकानदारों पर भी हमला कर दिया। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम शाम 7.30 बजे मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मचारी बंदर को पकड़ने के लिए प्रयास करने लगे। लेकिन कई घंटे बाद भी उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि बंदर अत्यधिक फुर्तीला और आक्रामक था, जिससे उसे पकड़ने में कठिनाई हुई। हालांकि कई घंटे के प्रयास के बाद देर रात बंदर को पकड़ लिया गया। बंदर को पकड़ने में स्थानीय लोगों के अलावा वन विभाग के वनपाल अहिवरन पण्डो, डिप्टी रेंजर वैष्णव दास, वन रक्षक रमेश यादव, राजेंद्र कुजूर सहित अन्य सक्रिय रहे।

#### लोगों ने ली राहत की सांस

देर रात बंदर को पकड़ने के पश्चात वन अमले में उसे जंगल में छोड़ दिया। बंदर के पकड़े जाने पर क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। इस बीच बंदर ने गांव के ही बसंती केशरी, लिजा मानिकपुरी, प्रतिमा पैकरा, सुखराज पैकरा, भागीरथी प्रजापति सहित अन्य लोगों को काट कर जख्मी कर दिया। घायल लोगों को तत्काल लखनपुर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।



## फिल्म 'हाउसफुल 5' ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दी दस्तक

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। उनकी यह फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई की। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब 'हाउसफुल 5' ने ओटीटी का रुख किया है। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'हाउसफुल 5' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रेंट पर उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 349 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैं। इस फिल्म में नाना पाटेकर, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, चंकी पांडे, श्रेयस तलपड़े और जॉनी लीवर जैसे कलाकार नजर आए।

लाइफ Style

# अनीत पड्डा

## अहान संग अदाकारी के मुरीद हुए लोग



मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' आखिरकार लंबे इंतजार के बाद 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म से अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अहान पांडे की जोड़ी अनीत पड्डा के साथ बनी है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आ रही है। अनीत की अदाकारी के दर्शक मुरीद हो गए हैं। अनीत बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 14 अक्टूबर, 2002 को पंजाब में हुआ था। 23 वर्षीय अनीत ने अपनी शुरुआत पढ़ाई अमृतसर के स्प्रिंग डेल सीनियर स्कूल से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल की। अनीत ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। इसके बाद उन्होंने नेस्कैफे, कैडबरी डेयरी मिल्क, अमेजन इंडिया, पेटीएम जैसे ब्रांड्स के विज्ञापनों में काम किया।

अनीत ने 2022 में आई फिल्म 'सलाम वेंकी' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें उन्होंने नंदिनी का किरदार निभाया था। इस फिल्म में काजोल और विशाल जेठवा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके अलावा अनीत वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में भी नजर आ चुकी हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर आई इस सीरीज में उन्होंने रूही आहूजा का किरदार निभाया था। इस शो में पूजा भट्ट, जोया हुसैन, मुकुल चड्ढा और राइमा सेन भी अहम किरदारों में थे।

## हॉलीवुड मसाला



## साउथ कोरिया की एक्ट्रेस कांग सियो-हा का निधन

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन फिल्म इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आ रही है। साउथ कोरियाई एक्ट्रेस कांग सियो-हा का निधन हो गया है। वह महज 31 साल की थीं। कोरियाई मीडिया की ओर से निधन की पुष्टि कर दी गई है, जिसमें कहा गया है कि एक्ट्रेस लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। उनका अंतिम संस्कार 16 जुलाई, बुधवार को साउथ ग्योंग सांग प्रांत के हामान में किया गया। जहां फैमिली के सदस्य, करीबी दोस्त और कुछ फैंस रहेंगे। बता दें कि कांग सियो-हा को 'स्कूलगर्ल डिटेक्टिव्स', 'फ्लावर्स ऑफ द प्रिजन' और 'नोबडी नोज़' जैसे फेमस शो में उनकी एक्टिंग के लिए जाना जाता था।



## 'हैरी पॉटर' फेम एमा वॉटसन पर लगा लाखों का जुर्माना

हॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस एमा वॉटसन बहुत बड़ी परेशानी में फंस चुकी हैं। उन पर छह महीने के लिए ड्राइविंग पर बैन लगाया गया है क्योंकि वो ऑक्सफोर्ड के अंदर हाई स्पीड में गाड़ी चला रही थीं। एक्ट्रेस पर काफी बड़ा जुर्माना भी लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एमा ऑक्सफोर्ड के अंदर 30 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाले जोन में 38 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी ब्लू ऑडी कार चलाती पकड़ी गई थीं। बुधवार यानी 16 जुलाई को कोर्ट ने अपने बयान में बताया कि एक्ट्रेस के लाइसेंस पर स्पीडिंग मामले से पहले नौ पॉइंट्स मौजूद थे। एमा छह महीने के बैन के अलावा 1044 पाउंड्स यानी करीब 1.2 लाख रुपये का जुर्माना भी भरेंगी। एमा कोर्ट में हुई पांच मिनट की सुनवाई में भी शामिल नहीं हुई थी। हालांकि एमा ने खुद पर लगे बैन पर कोई सफाई नहीं दी है। एक्ट्रेस साल 2023 से ऑक्सफोर्ड में क्रिएटिव राइटिंग के क्षेत्र में अपनी मास्टर्स की पढ़ाई कर रही हैं।




## सेतुपति की 'थलाइवन थलाइवी' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता विजय सेतुपति पिछले कुछ समय से फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विजय की जोड़ी अभिनेत्री नित्या मेनन के साथ बनी है। फिल्म के निर्देशन की कमान पंडिराज ने संभाली है। अब निर्माताओं ने 'थलाइवन थलाइवी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें विजय जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। 'थलाइवन थलाइवी' एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसमें योगी बाबू भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी भी पंडिराज ने ही लिखी है। मलयालम फिल्म '19(1)(a)' के बाद विजय और नित्या के बीच यह दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




## 'वॉर 2' के ट्रेलर को मिली हरी झंडी

**मुंबई।** काफी समय से अभिनेता ऋतिक रोशन फिल्म 'वॉर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म में ऋतिक के साथ अभिनेत्री कियारा आडवाणी नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब 'वॉर 2' के ट्रेलर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। बॉलीवुड की रिपोर्ट के अनुसार, 'वॉर 2' के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड की तरफ से हरी झंडी मिली है। ट्रेलर को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट के साथ पास कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर 2 मिनट 39 सेकंड का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 'वॉर 2' का ट्रेलर अगले हफ्ते रिलीज हो जाएगा।

## टीवी मसाला




## हाईएस्ट पेड होस्ट बने अमिताभ, केबीसी 17 के एक एपिसोड का इतना है चार्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई ऐसे एक्टर्स हैं जो टीवी में कोई शो होस्ट कर रहे हैं. वहीं, अब तक एक्टर सलमान खान को टीवी का सबसे महंगा होस्ट कहा जाता था लेकिन अब एक सुपरस्टार ने उन्हें इस मामले में मात दे दी है। ये कोई और नहीं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अब क्विज बेस्ड शो केबीसी 17 के लिए करोड़ों चार्ज करने वाले टीवी के हाईएस्ट पेड होस्ट बन गए हैं। मिली जानकारी के मुताबीक, अमिताभ बच्चन क्विज बेस्ड शो केबीसी 17 के लिए प्रति एपिसोड 5 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। केबीसी 17 एक हफ्ते में पांच बार टेलीकास्ट होता है। इसका मतलब है कि अमिताभ बच्चन की हफ्ते भर की फीस 25 करोड़ रुपए है। वहीं, अब अमिताभ बच्चन एक्टर सलमान खान को मात देकर भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टीवी होस्ट बन गए हैं। इससे पहले बिग बॉस ओटीटी 2 के दौरान सलमान खान को कथित तौर पर हर वीकेंड का वार एपिसोड के लिए 12 करोड़ रुपए दिए गए थे, यानी उनकी हफ्ते भर की फीस लगभग 24 करोड़ रुपए थी। बता दें कि सोनी टीवी ने हाल ही में अमिताभ बच्चन का सुंबुल तौकीर के साथ एक प्रोमो वीडियो भी शेयर किया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसके साथ ही मेकर्स ने शो की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। कौन बनेगा करोड़पति का सीजन 17 11 अगस्त से शुरु होने वाला है।

## टीवी में डेब्यू करने जा रही हैं सुदेश लहरी की पत्नी, इस शो में आएंगी नजर

**मुंबई।** कलर्स चैनल पर जल्द ही पति पत्नी और पंगा शो शुरू होने वाला है। शो में टीवी के कई कपल हिस्सा लेने वाले हैं, साथ ही फेमस कॉमेडियन सुदेश लहरी और उनकी पत्नी ममता लहरी भी शो में नजर आने वाली हैं। ममता लहरी पहली बार टीवी पर डेब्यू करने वाली हैं। वो इस शो के लिए काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें सुदेश लहरी पत्नी संग फोटो ले रहे हैं। वहीं, जब फोटो ठीक नहीं आती तभी वो मुनव्वर फारूकी से कहते हैं कि उनकी फोटो क्लिक कर दे। मुनव्वर सुदेश लहरी और उनकी पत्नी की जगह अपनी सेल्फी क्लिक करके चले जाते हैं। उसके बाद सुदेश लहरी की पत्नी उनको सुनाने लगती हैं। वो कहती हैं तुम्हारी गलती है। तुमने फोन दिया ही क्यों. जिसके बाद दोनों में लड़ाई शुरू हो जाती है। बता दें कि इंटरव्यू में ममता लहरी ने कहा- 'मैंने सोचा था कि मैं जब भी शो करूंगी तो इनके साथ ही करूंगी. वो दिन आ चुका है।



## 'तन्वी द ग्रेट': कौन हैं असली तन्वी जिनके जीवन पर आधारित है फिल्म?



**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसके जरिए शुभांगी दत्त ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। इस फिल्म की कहानी 21 साल की तन्वी रैना की है, जो ऑटिज्म डिसऑर्डर से पीड़ित है। तन्वी अपने साहस और हिम्मत से सभी को हैरान कर देती है। फिल्म में तन्वी का किरदार शुभांगी निभा रही हैं, लेकिन क्या आप असली तन्वी को जानते हैं? आइए जानते हैं आखिर असली तन्वी कौन हैं।

### अनुपम की भांजी की कहानी है 'तन्वी द ग्रेट'

'तन्वी द ग्रेट' की कहानी अनुपम की भांजी तन्वी के जीवन पर आधारित है। वह अभिनेता की बहन प्रियंका खेर की बड़ी बेटी हैं। अपनी भांजी तन्वी को देखकर ही अनुपम को ऑटिज्म पर फिल्म बनाने का ख्याल आया था। यही वजह है कि उन्होंने फिल्म का नाम भी 'तन्वी द ग्रेट' ही रखा है। बता दें कि तन्वी ऑटिज्म डिसऑर्डर से पीड़ित है। वह बहुत अच्छी गायिका भी हैं। अनुपम अक्सर अपनी भांजी तन्वी से मिलते रहते हैं।

### संगीत शिक्षक बनना चाहती हैं तन्वी

तन्वी सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहती हैं। 'द ऑटिज्म स्टोरी' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट पर तन्वी अक्सर अपने वीडियो साझा करती रहती हैं। तन्वी एक संगीत शिक्षक और अभिनेत्री बनना चाहती हैं। इसका खुलासा खुद अनुपम ने अपने एक वीडियो में किया था। अनुपम ने भी इंस्टाग्राम पर तन्वी के साथ अपना एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह उनके साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में तन्वी को गाना सुनाते हुए देखा जा सकता है।

## 'सैयारा' के निर्देशक मोहित सूरी की आशिकी 2 ने खूब छापे थे नोट

**मुंबई।** निर्देशक मोहित सूरी इन दिनों फिल्म 'सैयारा' को लेकर चर्चा में हैं, जिसकी लोग तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उधर समीक्षकों ने भी दिल खोलकर फिल्म की कहानी और इसके कलाकारों को सराहा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन मोहित ने ही किया है। हालांकि, अगर आपको 'सैयारा' पसंद आई है तो मोहित के निर्देशन में बनी ओटीटी पर मौजूद कुछ दूसरी रोमांटिक फिल्में भी हैं, जो आपकी कसौटी पर खरी उतरेंगी।

### 'आशिकी 2'

साल 2013 में आई रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म 'आशिकी 2' ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म में श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी बनी थी, जो सुपर-डुपरहिट हुई थी। न सिर्फ उनकी केमिस्ट्री, बल्कि फिल्म के गाने और कहानी तक ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। 15 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 110 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### 'हाफ गर्लफ्रेंड' और 'मलंग'

'हाफ गर्लफ्रेंड' मोहित की एक और बेहतरीन रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेता अर्जुन कपूर और श्रद्धा कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। 58 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 97 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर है। उधर नेटफ्लिक्स पर मौजूद मोहित के निर्देशन वाली आदित्य रॉय कपूर और दिशा पाटनी अभिनीत 'मलंग' का बजट 32 करोड़ रुपये था और इसने 72 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'आवारापन'

इमरान हाशमी अभिनीत 'आवारापन' को दर्शकों से हरी झंडी मिली थी। मोहित ने इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली थी तो मुकेश भट्ट इसके निर्माता थे। इस फिल्म को भले ही इमरान के करियर की बेहतरीन फिल्म बताया गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फेल हो गई थी। समीक्षकों ने फिल्म को जमकर सराहा था और इसके गाने भी खूब लोकप्रिय हुए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म को बाद में एक कल्ट का दर्जा मिला था।

### 'एक विलेन'

मोहित के निर्देशन में बनी 'एक विलेन' को भी दर्शकों ने खूब सराहा था। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, रितेश देशमुख और श्रद्धा कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ये वो पहली फिल्म थी, जिसमें रितेश ने साइको किलर का किरदार निभाकर तहलका मचा दिया था।

**अपने दम पर न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया**

# प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्मों में से एक ने जीते 68 पुरस्कार

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर न सिर्फ देश, बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया है। वह कई हॉलीवुड फिल्मों में अपना दमखम दिखा चुकी हैं। हालांकि, ये भी सच है कि देसी फिल्मों के बिना उनकी फिल्मावली या कहें करियर अधूरा है। आइए प्रियंका की उन हिंदी फिल्मों के बारे में जानें, जिन्हें इंटरनेट मूवी डाटाबेस पर सबसे ज्यादा रेटिंग मिली है।

### 'बर्फी' ने जीते हैं 68 पुरस्कार

प्रियंका ने 'बर्फी' में ऑटिज्म से पीड़ित लड़की झिलमिल का किरदार निभाया था। फिल्म में प्रियंका की भूमिका उनके करियर की सबसे बेहतरीन भूमिकाओं में शुमार है। इस फिल्म को वो अपने करियर में मील का पत्थर मानती हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर कपूर और इलियाना डिक्रूज भी अहम भूमिका में थे। आईएमडीबी पर इसे 8.1 रेटिंग मिली है। 68 पुरस्कार जीतने वाली प्रियंका की ये फिल्म आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



*'कमीने' : विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कमीने' भी कमाल थी। भारद्वाज की फिल्में लीक से हटकर होती हैं। 'कमीने' ने जहां शाहिद कपूर को उनके करियर का सबसे बेहतरीन किरदार करने का मौका दिया, वहीं इसके जरिए प्रियंका के करियर में भी चार चांद लग गए। एक मराठी मुलगी के रूप में प्रियंका के बिंदास अभिनय ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। 7.5 रेटिंग पाने वाली ये फिल्म नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर है।*

### 'बाजीराव मस्तानी' और 'द व्हाइट टाइगर'

आईएमडीबी पर प्रियंका की सबसे ज्यादा रेटिंग पाने वाली फिल्मों में चौथे स्थान पर 'बाजीराव मस्तानी' का नाम है। फिल्म में में प्रियंका ने रणवीर सिंह उर्फ बाजीराव की पत्नी काशीबाई का किरदार निभाया था। 7.2 रेटिंग वाली इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। दूसरी ओर नेटफ्लिक्स पर मौजूद फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में प्रियंका अपनी सीमित भूमिका में असर छोड़ गई थीं। इसे पर 7.1 रेटिंग दी गई है।

### 'द स्काई इज पिंक'

'द स्काई इज पिंक' की न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों ने भी तारीफ की थी। यह एक सच्ची कहानी पर आधारित है। इसमें प्रियंका फरहान अख्तर की पत्नी बनी थीं। फिल्म में प्रियंका ने पत्नी के साथ-साथ एक मां का किरदार भी पूरी शिद्दत से निभाया। अपनी बेटी को लेकर अदिति की जंग और अपनी आंखों के सामने उसे जाते देखना, प्रियंका ने हर इमोशन को बेहतरीन ढंगे से पर्दे पर उतारा। 7.6 रेटिंग वाली ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर है।



## खबर संक्षेप

### नवीन पाठ्यपुस्तकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**धरमजयगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) धरमजयगढ़ में कक्षा 6वीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर 5 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण 14 से 18 जुलाई तक आयोजित किया गया। इसमें रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ के 10 विकासखंडों के विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों ने भाग लिया।
प्रशिक्षण का उद्घाटन डाइट प्राचार्य अनिल पैंकरा और प्रभारी अनिल गवेल ने किया। प्रशिक्षण में पाठ्यपुस्तकों के परिवर्तनों, शिक्षण विधियों और कक्षा में गतिविधि आधारित अध्यापन पर फोकस किया गया। प्रशिक्षकों में संतोष पटेल, सपन मंडल, खिलावन निराला, अर्चना एक्का, ब्रिजिट एक्का, सेत सिदार प्रमुख रूप से शामिल रहे। आगामी चरणों में गणित, अंग्रेज़ी, हिंदी और संस्कृत विषयों पर प्रशिक्षण प्रस्तावित है।

### सूक्ष्म खाद्य उद्योगों के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन मांगे गए हैं। योजना का उद्देश्य स्थानीय खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहित करना है। इस योजना में चना मुर्रा, पेठा, पापड़, अचार, नमकीन, बेकरी, राईस मिल, आटा चक्की, मशाला उद्योग जैसे विभिन्न खाद्य उत्पादों को शामिल किया गया है। व्यक्तिगत उद्यमों के साथ-साथ स्व सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन और सामान्य सुविधा केंद्र भी पात्र हैं।उपयुक्त आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उन्हें आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पैन कार्ड जैसे दस्तावेज़ अपलोड करने होंगे। पात्र इकाइयों को 35% तक पूंजीगत अनुदान और ब्याज में छूट भी प्रदान की जाएगी।

### कैंटीन संचालन के लिए निविदाएं आमंत्रित

**रायगढ़।** रायगढ़ कलेक्टोरेट परिसर स्थित कैंटीन के संचालन हेतु 2025-26 के लिए वार्षिक ठेका आधारित निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक और योग्य व्यक्ति/संस्थान 12 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र जिला नाजिर कार्यालय से 500 शुल्क पर प्राप्त किए जा सकते हैं या जिले की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम समय सीमा 12 अगस्त की दोपहर 3 बजे है और यह उसी दिन शाम 5 बजे खोली जाएगी। निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

### सही समय पर बहनों की राखी पहुंचेगी

**रायगढ़।** रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग ने बहनों की राखियाँ समय पर और सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष पहल की है। डाक विभाग ने 10 रुपये कीमत वाला विशेष राखी लिफाफा जारी किया है जो राज्य के सभी प्रधान और उपडाकघरों में उपलब्ध है। रायगढ़ शहर में विशेष पीली पत्र पेटियां चक्रधरनगर उपडाकघर, सदर बाजार, सत्तीगुड़ी चौक सहित कई स्थानों पर लगाई गई हैं। इन पेटियों में भेजी गई राखियों का त्वरित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। लिफाफे पर स्पष्ट और साफ अक्षरों में पूरा पता और पिनकोड लिखना अनिवार्य होगा। प्रधान डाकघर रायगढ़ में विशेष काउंटर की भी व्यवस्था की गई है, जहां बहनें स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से राखियाँ भेज सकती हैं।

### छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का कोटा बढ़ा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी का लक्ष्य 70 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 78 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। इस निर्णय को राज्य सरकार ने ऐतिहासिक करार दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी का आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला प्रदेश के अन्नदाताओं के परिश्रम को सम्मान देने वाला कदम है। इससे किसानों को बेहतर मूल्य, समय पर भुगतान और खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता मिलेगी।

### 3 एजेंसी को निलंबित कर 3.70 लाख का लगाया जुर्माना, 6 गाड़ियां भी बैन

# एनटीपीसी पर लगा जुर्माना तो प्रबंधन ने परिवहनकर्ताओं के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





फ्लाईएश के नियम विरुद्ध अवैध परिवहन और निपटान को लेकर जिला प्रशासन उद्योगों पर लगातार सख्ती बरत रहा है। 17 जुलाई को एनटीपीसी के 6 वाहनों द्वारा कलमी में फ्लाईएश के अवैध रूप से निपटारे की शिकायत पर क्षेत्रीय पर्यावरण मंडल द्वारा एनटीपीसी पर 4 लाख 5 हजार रूपए की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई गई। इस कार्रवाई के बाद एनटीपीसी ने भी अपने स्तर पर परिवहनकर्ता एजेंसीज और वाहनों के खिलाफ कदम उठाया है।

कलेक्टर चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एनटीपीसी लिमिटेड लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट द्वारा अवैध अपवहन में संलिप्त 6 वाहनों को प्रतिबंधित करते हुए संबंधित 3 एजेंसी के कार्य को निलंबित किया गया है एवं परिवहनकर्ता वाहनों पर 50 हजार रूपए की दर से कुल 3 लाख रूपए तथा परिवहनकर्ता एजेंसी पर 3 लाख 70 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को फ्लाई ऐश के परिवहन, अपवहन एवं इंडसट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग सिस्टम के शत प्रतिशत पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपेक्ष्य में मंडल द्वारा सतत निगरानी एवं अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। 17 जुलाई को एनटीपीसी लिमिटेड, लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के फ्लाई एश परिवहनकर्ता वाहनों द्वारा जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड के ग्राम कलमी स्थित भूमि पर अवैध फ्लाई ऐश अपवहन किये जाने की शिकायत विभाग को मिली। क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ द्वारा शिकायत की जांच की गई। जांच में एनटीपीसी लिमिटेड के 06 वाहनों द्वारा स्थल पर फ्लाई ऐश का अवैध अपहवन करते हुए पाया गया। उद्योग से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त फ्लाई ऐश को रोड निर्माण एवं भू भराव हेतु रायपुर तथा बलौदाबाजार ले जाया जाना था, जिसके स्थान पर उक्त स्थल पर फ्लाई ऐश का अवैध रूप से अपवहन हेतु लाया जाना पाया गया। उक्त उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए मंडल द्वारा उद्योग के ऊपर 4 लाख 5 हजार रूपए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई।

#### थर्मल प्लांट्स की बैठक में दिए कड़े निर्देश

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के निर्देश पर क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा 18 जुलाई को जिले के थर्मल पॉवर प्लांटों की बैठक ली गई। बैठक में पॉवर प्लांटों को फ्लाई ऐश का परिवहन एवं अपवहन नियमानुसार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। नियमानुसार फ्लाई ऐश का परिवहन एवं अपवहन नहीं किये जाने पर उद्योग पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई एवं उद्योगों को फ्लाई ऐश परिवहनकर्ता एवं परिवहनकर्ता एजेंसियों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



## पुसौर की खाद दुकानों पर छापा अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुसौर ब्लॉक की उर्वरक दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के. पटेल और उनकी टीम ने 15 दिनों तक जांच अभियान चलाया।

ग्राम कोतासुरा, छिछोर उमरिया, पुटकापुरी, नेतनागर, कोडपाली, सुपा, सेमरा और तरडा सहित कई गांवों की दुकानों में डीएपी और यूरिया की बिक्री में अनियमितता पाई गई। मेसर्स बाबा मोहन दास अग्रवाल, लक्ष्य कृषि केन्द्र, संतोष कृषि केन्द्र के खिलाफ कार्रवाई की गई। डीएपी खाद की कमी पर अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा 18% पोटाश युक्त खाद वैकल्पिक रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को इसके उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## सर्पदंश से बचाव के लिए कार्यशाला

**रायगढ़।** मानसून सीजन में बढ़ते सर्पदंश के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सर्पदंश विषाक्तता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश और सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आरोग्यम सभागार में संपन्न हुआ। कार्यशाला में जिला के संवेदनशील क्षेत्रों लैलूंगा, धरमजयगढ़, तमनार और घरघोड़ा के खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीनस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में एन्टी स्नेक वेनम और जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में डॉ. विकास शर्मा और डॉ. सुमित कुमार (मास्टर ट्रेनर्स) ने सर्पों की पहचान, सर्पदंश के लक्षण, प्राथमिक उपचार और त्वरित उपचार व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## गुणवत्ताहीन सड़क बनाने वाला ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोईरदादर से विजयपुर व कृष्णवैली कॉलोनी से इंदिरा विहार तक गुणवत्ताहीन दो बीटी सड़क बनाने वाले बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के ठेकेदार को निगम प्रशासन ने 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। वहीं 23 लाख रूपए अमानत राशि को राजसात करने संबंधी कार्रवाई की गई है। विजयपुर के नवनिर्मित सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे को लेकर हरिभूमि ने मार्च माह में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, जिसका असर देखने को मिला है।

दरअसल वार्ड क्रमांक 47 में बोईरदादर चौक से विजयपुर चौक तक व कृष्णवैली से इंदिरा विहार कॉलोनी तक डामरीकृत सड़क निर्माण का कार्य कृष्ण बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिया गया था। पूर्व में सड़क का निर्माण कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में सड़क के कई जगह गड्ढे हो गए। इन गड्ढों सहित पूरे सड़क की मरम्मत करने के लिए संबंधित फर्म कृष्ण बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी ठेका लेने वाले फर्म ने सड़क मरम्मत का कार्य नहीं किया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कृष्ण बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड करते हुए फर्म द्वारा निविदा लेने के एवज में जमा किए गए 23 लाख रूपए अमानत राशि को राजसात करने की कार्रवाई की है। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा कि शहर के विकास संबंधित निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों पर ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की जाएगी।

**खबर का असर**


87 लाख रुपए की नवनिर्मित सड़क में झांक रही भ्रष्टाचार

### फसल बीमा हेतु आवदेन की अंतिम 31 तक

**रायगढ़।** खरीफ 2025 के लिए फसल बीमा योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले के सभी ग्रामों को अधिसूचित किया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस बार धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, मूंग, मूंगफली, रागी और अरहर फसलों का बीमा किया जाएगा। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि योजना का लाभ ऋणी और अऋणी दोनों तरह के किसान ले सकते हैं। ऋणी किसान अपने ऋण प्रदायक बैंक के माध्यम से बीमा आवेदन कर सकते हैं, वहीं अऋणी किसान सीएससी, डाकघर या राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) से नामांकन कर सकते हैं। अऋणी किसानों को आवेदन के साथ नवीनतम आधार कार्ड, भूमि प्रमाण पत्र (बी-1/पी-2), बैंक पासबुक की प्रति, फसल बुवाई प्रमाण पत्र या स्वघोषणा पत्र, वैध मोबाइल नंबर और यदि बटाईदार हों तो साझेदारी का घोषणा पत्र भी देना होगा। इस योजना के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपने फसल बीमा प्रस्ताव जमा कर योजना का लाभ उठाएं।

## सरिया में गौ मांस काट रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सरिया।** महानदी पुल के पास गौ मांस काट रहे तीन लोगों को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गौ सेवकों की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सरिया में पहली बार गौ मांस की मांस बरामद होने से गौसेवकों में तीव्र रोष व्याप्त है। इस पर कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से की है। बता दे कि कल रविवार को सरिया में दो-दो मंत्रियों के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन जहां व्यवस्था में लगा है। वही गौ मांस की गौ सेवकों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। गौ सेवकों ने सरिया थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में बताया गया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी टिकेश्वर सतनामी व दो अन्य व्यक्ति महेत्तर रात्रे व हलधर सतनामी के द्वारा सरिया परशरामपुर मार्ग पर महानदी पुल के पास सड़क किनारे गौ मांस काट रहे थे। इस दौरान गौ सेवक उक्त रास्ते से गुजर रहे थे और सड़क किनारे गौ मांस काटने की घटना होने पर उन्होंने



तत्काल थाना प्रभारी सरिया प्रमोद यादव को सूचना दी। थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जिसमें टिकेश्वर रात्रे सरिया एवं महेत्तर रात्रे जलगढ, हलधर सतनामी,जलगढ से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास से एक कुल्हाड़ी, एक खुरपी, एक मोटरसाइकिल, एक साइकिल तथा बेल का मांस जप्त किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौ सेवक सरिया थाने पहुंचे और ठोस कार्रवाई की मांग करने लगे। थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि गौ सेवकों की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सरिया परशरामपुर महानदी पुल के पास तीन लोगों ने बैल का मांस के साथ रंगे हाथ पकड़े हैं। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। एक बेसहारा गाय को मार कर काटने की घटना से गो सेवकों में तीव्र रोष व्याप्त है। बता दे की छत्तीसगढ़ में गायों के अवैध परिवहन और मांस बेचने पर बैन लगा हुआ है। इसके बाद भी सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के सरिया तहसील में एक गाय को सड़क किनारे काट रहे दो लोगों को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### शहरी पीएचसी इंदिरानगर का निरीक्षण संपन्न

**रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदिरानगर मोदीनगर रायगढ़ का 11 एवं 12 जुलाई को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस टीम द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। भारत सरकार के विशेषज्ञों की टीम डॉ. योगेश चंद्रा एवं प्रतीक मोदी द्वारा अस्पताल की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान 12 विभागों की गहन समीक्षा की गई। टीम ने उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सेवाएं, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन एवं आउटकम जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों पर अस्पताल की सेवाओं का परीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत केवल उन्हीं अस्पतालों को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है जो इन कड़े मानकों पर खरे उतरते हैं।निरीक्षण के दूसरे दिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. भानुप्रताप पटेल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.केडी पासवान, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतम्भरा पटेल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम, स्थानीय पार्षद श्रीमती त्रिवेणी डहरे, आरएमएन सीएचए सलाहकार डॉ. राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## हरियर छत्तीसगढ़ के तहत बुनगा में किया गया 300 पौधों का वितरण

**बुनगा।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से हरियर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा एक पौधरोपण और वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. अजय नायक ने किया, जिसमें 300 से अधिक औषधीय और फलदार पौधे ग्रामीणों को निःशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर नीम, तुलसी, गिलोय, एलोवेरा जैसे औषधीय और आम, कटहल, अमरूद, जामुन जैसे फलदार पौधों का वितरण किया गया। लोगों को अपने-अपने घरों में पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में डॉ. जागृति पटेल, सरपंच बेदप्रकाश साव, उपसरपंच दीनबंधु साव, पंच सुरेंद्र यादव, सामाजिक संस्था गृहिणी मैत्री सहित कई ग्रामीण सक्रिय रूप से शामिल हुए।




## सांसद राधेश्याम ने कृषकों को तिल बीज अन्य आदान सामग्री का किया वितरण

**रायगढ़।** लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने आज ग्राम घरघोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषकों को तिल बीज एवं अन्य आदान सामग्री का वितरण किया। यह आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत तिलहन फसल के क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए तिल फसल किस्म उन्नत रामा के 50 एकड़ क्षेत्रफल में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री राठिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा हमारे प्रदेश की कृषि शक्ति को सशक्त बनाने के लिए यह जरूरी है कि हम तिलहन फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन को बढ़ाएं। यह न केवल खाद्य सुरक्षा में योगदान करेगा बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि करेगा। इसके साथ ही जैविक खेती को अपनाकर किसानों को नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। डॉ.एसआरके सिंह, निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जबलपुर और डॉ. एसएस टुटेजा, निदेशक, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने इस कार्यक्रम में मार्गदर्शन किया। उन्होंने कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी और तिलहन फसल के उत्पादन में वृद्धि के उपायों पर प्रकाश डाला।



## छिछोर उमरिया में पौधरोपण के साथ गणवेश की गई वितरित

**पुसौर।** ग्राम छिछोर उमरिया में वृहद पौधरोपण और स्कूल यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान और जनपद सदस्य मुक्तेश्वर पंडा की उपस्थिति में दर्जनों पौधे लगाए गए और छात्रों को ड्रेस वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान सरपंच रामेश्वरी महेन्द्र साव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने पर बल दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और मां भारती की वंदना की। जनपद अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब उसमें संस्कार भी जुड़ा हो। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी।



## पृष्ठ 1 का शेष

### सर्पदंश से अलग-अलग ...

कॉमन करैत सांप को 'साइलेंट किलर' कहा जाता हैः इन दिनों बारिश की शुरुआत के साथ ही जशपुर जिले के नागलोक में कॉमन करैत का डर लोगों को सताने लगा है. यह सांप कोबरा से भी ज्यादा खतरनाक होता है. न डसने की आवाज करता है, न कोई दर्द देता है, न ही शरीर पर काटने का निशान छोड़ता है. इसकी एक हल्की सी छुअन भी इंसान की जान ले सकती है. यही वजह है कि इस सांप को 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है. आमतौर पर यह सांप खेतों, बस्तियों और घरों में देखा जाता है.।
करैत के जहर का असर- करैत सांप का जहर अत्यंत घातक होता है। यह तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है और प्रारंभ में लक्षण हल्के लगते हैं, लेकिन कुछ घंटों में श्वसन प्रणाली और मांसपेशियां काम करना बंद कर सकती हैं। ऐसे में समय पर इलाज ही एकमात्र जीवन रक्षक उपाय होता है।
कॉमन करैत के काटने के लक्षण- कई केसों में तो लोग सुबह उठते ही सुन्न अंगों की शिकायत करते हैं, बोलने में दिक्कत होती है, सांस रुकने लगती है और शरीर धीरे-धीरे काम करना बंद कर देता है. अगर वक्त पर इलाज न मिले तो मौत हो जाती है. महादेव पटेल कहते हैं कि कॉमन करैत के डसने के बाद सिर्फ 90 मिनट का समय होता है जिसमें इलाज जरूरी है. इस दौरान दौड़ना या ज्यादा चलना जहर को और तेजी से शरीर में फैलाता है। बचाव के लिए क्या करना चाहिए-एक्सपर्ट की मानें तो ये सांप बारिश में घरों के अंदर घुस आते हैं. कपड़ों, रजाई, गद्दों और अंधेरे कोनों में भी छिप जाते हैं. इसलिए किसी भी कपड़े या बिस्तर को इस्तेमाल करने से पहले ध्यान से देख लेना चाहिए. बरसात में जमीन पर नहीं सोएं, मच्छरदानी जरूर लगाएं और रात में बिना लाइट के बाहर न निकलें. क्योंकि यह सांप डसने के बाद भाग जाता है और कोई सबूत तक नहीं छोड़ता है. इसलिए कई बार तो परिवार को पता भी नहीं चलता कि मौत का कारण सांप का डंक था।

### कोतबा में राष्ट्रीय ...

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह मुरारी अग्रवाल, खंड कार्यवाह विनोद जायसवाल तथा संघ के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति कोतबा क्षेत्र में गुरु पूजन पर्व संघ के तत्वाधान में मनाया जाता है। इसी परिपेक्ष में आज गुरु पूजन पर्व कोतबा के यज्ञ शाला भवन में मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, नगरवासी उपस्थित रहे।।

### कलेक्टर के निर्देश ...

रूप में सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने माइंड मैपिंग के माध्यम से अधीक्षकों को आत्म-चिंतन की आवश्यकता बताई। जिससे वे अपने छात्रावासों में बेहतर शैक्षणिक माहौल बना सकें। इसमें कंफर्ट जोन से ग्रोथ जोन तक की मानसिक यात्रा के विषय में बताया गया। अधीक्षकों को यह भी बताया गया कि कैसे व्यक्ति अपने कंफर्ट जोन में रहते हुए सीमित क्षमताओं के साथ कार्य करता है, जबकि फीयर ज़ोन में वह चुनौतियों से घबराता है, लर्निंग ज़ोन में नई चीजें सीखता है और अंततः ग्रोथ ज़ोन में पहुँचता है। इससे न केवल अधीक्षक व्यक्तिगत रूप से विकसित होंगे बल्कि छात्रावासों में नवाचार और प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण होगा, जिससे छात्रों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन को लेकर अधीक्षकों से शैक्षणिक अनुशासन, नियमित अध्ययन, छात्रावास में रात्रिकालीन स्वाध्याय, डेली स्टडी रूटीन जैसे व्यवहारिक उपायों पर भी चर्चा हुई। सत्र के प्रारंभ में ब्रेनस्टॉर्मिंग के साथ नई शिक्षा नीति पर भी बात की गई। प्रशिक्षण के आयोजन के लिए यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा और अवनीश पांडेय , संजय दास , राजेंद्र प्रेमी भी उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद ...

संघ ने मांग की कि हर वर्ष निश्चित वेतनवृद्धि दी जाए। कार्यभार और अनुभव के आधार पर वेतनमान निर्धारित किया जाए। नियमितीकरण एवं शिक्षा विभाग में समावेशन संविधानिक और नैतिक आधार पर शिक्षक संघ ने सरकार से मांग की कि शिक्षकों को संविदा से हटाकर शिक्षा विभाग में समाहित किया जाए। उन्हें स्थायी सेवा प्रदान कर भविष्य की सुरक्षा दी जाए। जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि शिक्षकों को उनका हक मिलना चाहिए। लंबे समय से हम सेवा दे रहे हैं, अब स्थायित्व चाहिए। यदि सरकार नहीं सुनती, तो रायपुर में बड़ा आंदोलन तय है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 31 जुलाई तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ, तो रायपुर में 15 दिवसीय धरना होगा। यदि उसके बाद भी सरकार ने चुप्पी साधे रखी, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

